हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 5 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 स्वास्थ्य केंद्र का राष्ट्रीय स्तर की मानक टीम ने...

14 मोर गांव, मोर पानी महाभियान ग्रामीण ...




## खबर संक्षेप



### 7 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** ग्राम नयापारा डमरू में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 1 शराब कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 4 मई को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम नयापारा डमरू में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 1 आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से 1400 कीमत मूल्य का 7 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### पानी भरने की बात को लेकर शिक्षक से मारपीट

**महासमुंद।** पानी भरने की बात को लेकर ग्राम झगरेनडीह निवासी एक शिक्षक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सांकरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को शिक्षक व ग्राम झगरेडीह निवासी रेशम लाल नंद ने बताया कि 3 मई की रात करीब 8.20 बजे पुरानी रंजिश व पानी भरने की बात को लेकर आरोपी गणेश मुन्ना, सरस्वती मुन्ना, सपना मुन्ना, अमित मुन्ना ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में ढाबा के पास एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी रमेश सतनामी पिता शोभन सतनामी (20 साल) बेलसोंडा के कब्जे से 54 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 4320 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रैक्टर की ठोकर से घायल

**महासमुंद।** ग्राम परसकोल में तालाब से स्नान कर घर जा रहे व्यक्ति को रास्ते में ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम मचेवा के वार्ड 8 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सुखूदास कुर्रे ने बताया कि वह 1 मई को ग्राम परसकोल के तालाब में स्नान करने गया था। स्नान कर वापस घर जा रहा था तभी आरोह पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर उन्हें सामने से टक्कर मार दिया।

### ढाबा से बीयर जब्त

**महासमुंद।** ग्राम नवागढ़ अमलीडीपा स्थित ढाबे से सरायपाली पुलिस ने अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे गए बीयर को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलीथी कि नवागढ़ अमलीडीपा स्थित समीर ढाबा में अवैध रूप से बिक्री हेतु बीयर रखा गया है। मौके पर पहुंचकर ढाबा संचालक राकेश पटेल पिता श्याम कुमार पटेल (40 वर्ष) पाटसेंद्री के कब्जे से 5 नग बीयर बॉटल हंटर कीमत 1000 रुपए, केन बीयर बटवाइजर 2 नग कीमत 360 रुपए को जब्त किया गया।

# मोर गांव मोर पानी महाभियान : जिले में अब तक 2080 सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण

## जिले के पांच विकासखंडों में अब तक 1291 तालाबों की सफाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मोर गांव, मोर पानी जल संचयन महाभियान के तहत जिले में निस्तार एवं पेयजल की समस्या न हो, साथ ही भविष्य में भू–गर्भ जल स्तर बढ़ाने के लिए 18 अप्रैल से जल संचयन अभियान की शुरुआत जिले में की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में अभियान के तहत जिले में अब तक 2080 सोख्ता गड्ढा का निर्माण मानव श्रम से किया जा चुका है। इसके साथ ही पांचों विकासखंड में अब तक 1291 तालाबों की सफाई की गई है।

पंचायत विभाग एवं जल संचयन वाहिनी द्वारा सोख्ता गड्ढों का निर्माण एवं तालाब की साफ–सफाई की जा रही है। साथ ही जल संचयन के कार्यों को प्रारंभ कराया जा रहा तथा वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण पंचायत विभाग द्वारा किया जा रहा है।



### पंचायत में 2 जल संचयन वाहिनी का गठन

जल संचयन हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें वर्षा पानी संचयन हेतु आवश्यक निर्माण का प्रस्ताव एवं जल संचयन हेतु निर्मित संरचनाओं का ग्रामवासियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जायेगा। प्रत्येक पंचायत में 2 जल संचयन वाहिनी का गठन किया गया है जो जल संचयन के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। जल संसाधन विभाग द्वारा निस्तारी तालाबों में जल भराव पर मानिटरिंग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हैण्डपम्प, नलकूप एवं जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को नल जल की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

जल संचयन की मानिटरिंग जिला सम्पर्क केन्द्र प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को पंचायत में नियुक्त नोडल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग के नोडल एवं तकनीकी सहायक की नियमित समीक्षा कर प्राप्त समस्या के निराकरण की मानिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला जल संचयन समिति का गठन किया गया है। समिति में पंचायत विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्मिलित किया गया है।

## नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक के पदभार ग्रहण में शामिल हुए मंत्री

# बोर्ड गठन का उद्देश्य धोबी समाज का सम्मान और विकास है : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

रजककार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक का पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह 3 मई को मेडिकल कॉलेज सभागृह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि समाज को सम्मान मिले, समाज का विकास हो, सरकार की सुविधा को उपलब्ध कराते हुए आर्थिक रूप से और मजबूत हो, यही रजककार विकास बोर्ड गठन का उद्देश्य है। इस उद्देश्य को नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक पूरा करेंगे। प्रहलाद रजक संगठन में कई पदों पर कार्य कर चुके हैं उन्हें राजनीतिक अनुभव है और इस अनुभव का लाभ धोबी समाज को मिलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री रामविचार नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि मंत्री दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, दीपेश साहू, ईश्वर साहू सहित कई दिग्गज नेता उपस्थित थे। पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य अतिथियों द्वारा संत गाडगे महाराज की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात सभी मंचस्थ अतिथियों का नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।

पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे, लोक गायिका रजनी रजक, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम रजक, राजेश रजक, नरेंद्र चौधरी, ललित बुंदेला, दिलीप रजक, दिनेश निर्मलकर, पन्नालाल रजक, बालकुमार रजक सहित समाज के लोग उपस्थित थे।



### सेवा और समर्पण से मिलता है लक्ष्यः प्रहलाद

नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि 1970 में श्याम सुंदर सचदेव ने उंगली पकड़कर संघ की शाखा ले गए। उस दिन से मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता हूं और संघ का संस्कार है कि जिसके चलते आज राजनीतिक के क्षेत्र में अपने जीवन में सेवा देते हुए आप सबके बीच उपस्थित होने के योग्य बना हूं। उन्होंने समाज को एक संदेश देते हुए कहा कि सेवा ही संगठन है समर्पण अपने जीवन में हो, संस्कार साथ हो तो निश्चित तौर पर दुनिया की कोई ताकत ऊंचाई तक जाने से रोक नहीं सकती।

### धोबी समाज के बिना सुख–दुख कार्य संभव नहीं : मंत्री रामविचार

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि धोबी समाज के बिना सुख–दुख कार्य संभव नहीं है। समाज का जितना सर्वांगीण विकास होना चाहिए था उतना विकास नहीं हुआ है। समाज का विकास हो यह महती जिम्मेदारी हम लोगों की है और यह जिम्मेदारी नेतृत्व करने के लिए सरकार ने कर्मठ और राजनीतिक अनुभव के धनी प्रहलाद रजक को अध्यक्ष बनाया है।



# रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन, चेन माउंटेन व हाईवा सहित 6 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने कड़ी निगरानी करते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने पलारी, भाटापारा एवं लवन तहसील अंतर्गत अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एक चैन माउंटेन, एक हाइवा एवं 5 ट्रैक्टर पर कार्रवाई करते हुए जब्त कर सम्बंधित थाने के सुपुर्द किया।

- राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने पलारी, भाटापारा और लवन तहसील में की कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम पलारी दीपक निकुंज के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम दातान (ख) में निरीक्षण के दौरान चैन माउन्टेन मशीन के चालक से लाइसेंस की मांग करने पर उसके पास हैवी वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं होना बताया गया। इसके साथ ही रेत उत्खनन पर्यावरण संरक्षण मण्डल ▶▶ शेष पेज 11 पर

### भाटापारा में 3 ट्रैक्टर जब्त

तहसील भाटापारा में एसडीएम अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में रेत घाट का निरीक्षण किया गया, जिसमें 3 ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पाए गए जिन्हें जब्त कर चौकी करही बाजार के सुपुर्द किया गया है। बिना रायल्टी पर्ची के रेत परिवहन करते एक हाइवा को ग्राम चंगोरी से जब्त कर थाना लवन के सुपुर्द किया गया।

# पौसरी में पोषण ज्ञान केंद्र का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा फाउंडेशन, रवान द्वारा ग्राम पंचायत पौसरी के सहयोग से पोषण ज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है, जिसका उद्घाटन अमिता जायसवाल एवं अंबुजा फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा किया गया। इस केंद्र की स्थापना पौसरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। यह केंद्र विशेष रूप से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए एएनसीएनसी शिविर, बच्चों के लिए बाल स्वास्थ्य शिविर, सामान्य रोगों हेतु सामान्य चिकित्सा शिविर, दंत एवं नेत्र जांच, कैंसर और



एनीमिया जांच सहित एसएएम एमएएम बच्चों की पहचान जैसे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। साथ ही किशोरों, महिलाओं, पुरुषों और युवाओं को लक्षित करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, तंबाकू निषेध और गैर–संचारी रोगों पर आधारित जागरूकता सत्र, खेल गतिविधियां, प्रश्नोत्तर सत्र और लाइव प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। केंद्र का उद्देश्य नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ–साथ लोगों को आवश्यकतानुसार नामित अस्पतालों और न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर (एनआरसी) में रेफर करना है, जिससे ग्रामीण समुदाय को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

### विदाई समारोह में बकरा पार्टी, हंगामा

महासमुंद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शनिवार को शिक्षक और प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई को लेकर नगर पंचायत पिथौरा के बीईओ कार्यालय पहुंच गए। जहां आधे घंटे तक जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीईओ की अनुपस्थिति में एबीओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर महासमुंद विभाग संयोजक अभिषेक पांडेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व नगर मंत्री लवेश साहू, रमन सेन, आर्यन तारक, कृष्णा साहू, लक्ष्य सिन्हा, गगन ध्रुव, तिमेश सिन्हा, रोहन निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। दरअसल बीते दिनों नगर पंचायत पिथौरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिका कमलजीत जोसेफ और लिपिक तनसिंह वर्मा का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां स्कूल परिसर में कार्यक्रम के दौरान बकरा पार्टी चली।

# जान से मारने की धमकी, एक अपचारी बालक सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पलारी के ग्राम सुंदरी (स) में युवक को जान से मारने की धमकी देकर गंभीर चोट पहुंचाने वाले 1 अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रूपचंद डहरिया निवासी ग्राम सुंदरी (स) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 मई की रात करीबन 10 बजे वह घर के सामने खड़ा था। इसी बीच आ रो पी ग ण प्रार्थी के घर के सामने अश्लील गाली गलौज कर रहे थे, जिसे प्रार्थी द्वारा मना किया गया। इस पर आरोपियों द्वारा आवेश में आकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए, रापा के लोहे के बेठ से प्रार्थी के सिर पर तथा हाथ मुक्का से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचायी है। रिपोर्ट पर थाना पलारी में धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पलारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ▶▶ शेष पेज 11 पर





## सुहेला के त्रिगड्डा चौक-भाटापारा मार्ग पर की गई कार्रवाई

# यातायात पुलिस का चेकिंग अभियान, 21 सौ रुपए वसूला


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

यातायात पुलिस ने शनिवार को सुहेला के त्रिगद्दा चौक से भाटापारा मार्ग पर जागरूकता अभियान एवं वाहन चेकिंग की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी।

पुलिस ने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा शराब पीकर वाहन न चलाने की समझाइश दी। लोगों को बताया कि ऐसी लापरवाही से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जिससे जनहानि हो सकती है। जागरूकता के इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना था।

### बगैर रसीद दिए वसूली राशि

हालांकि इस अभियान के दौरान कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा बिना किसी रसीद के राशि वसूली गई है। ग्रामीणों का कहना था कि इस प्रकार की कार्रवाई में पारदर्शिता होनी चाहिए और सभी वाहन चालकों को चालान की विधिवत रसीद प्रदान की जानी चाहिए।



### कार्रवाई की रसीद दी गई

इस संबंध में जब प्रभारी अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि सभी वाहन चालकों को रसीद प्रदान की गई है और पूरी कार्रवाई पारदर्शिता के साथ की गई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी भ्रम या शिकायत की स्थिति में वे सीधे पुलिस से संपर्क करें।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में इस प्रकार के अभियानों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाएगी और लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ विश्वास भी कायम रखा जाएगा।

### 7 वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई

यातायात पुलिस इंस्पेक्टर नरेश कांगड़े ने बताया सुहेला के भाटापारा मार्ग पर चेकिंग किए हैं। 7 मामलों पर 2100 रुपए चलानी कार्रवाई की गई है। लोगों को समझाइस दी गई है। हेलमेट पहन वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने वाले कोई नहीं मिले। यातायात प्रभारी के निर्देश पर कार्य किया गया। बिना रिसिप्ट का किसी से कोई पैसा नहीं लिया गया है। मुख्य उद्देश्य लोगों में यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता लाना था।

# राजस्व लिंक कोर्ट भटगांव का लोकार्पण आज किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

अनुविभागीय अधिकारी(रा) लिंक कोर्ट भटगांव का लोकार्पण सोमवार को तहसील परिसर भटगांव में किया जाएगा । जिसमें मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद लोकसभा जांजगीर चाम्पा ने की। श्रीमती कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, संजय भूषण पाण्डेय अध्यक्ष जिला पंचायत सारंगढ़ बिलाईगढ़, विक्रम कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, जय शंकर साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत बिलाईगढ़ एवं अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में अनुविभागीय अधिकारी(रा) लिंक कोर्ट का भटगांव का लोकार्पण सोमवार को सम्पन्न होगा।

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद कमलेश जांगड़े और विधायक कविता लहरे की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

विदित हो कि कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ को अभिभाषक संघ भटगांव के अध्यक्ष जगनथिया बंजारे व पदाधिकारियों द्वारा संघ के लैटर पेड पर लिखित में अनुविभागीय अधिकारी(रा) लिंक कोर्ट व नकल शाखा सरसीवांध भटगांव में खोलने की मांग किया गया था। जिसे जिलाधीश महोदय ने सहर्ष स्वीकार कर आम जनता क्षेत्र वासियों ,पक्षकारों व अधिवक्ताओं के हित में ध्यान रखते हुए न्यायालयीन जायज मांगों को पूरा किया। जिसके लिए कलेक्टर महोदय को अभिभाषक संघ भटगांव की तरफ से तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### सिंधु कुलदेवी हिंगलाज माता के भव्य मंदिर का निर्माण जल्द होगा शुरू

रायपुर। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत एवं पूज्य सिंधी पंचायत संत कंवरराम नगर के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रायपुर की पावन धरा पर प्रथम सिंधु कुलदेवी हिंगलाज माता के भव्य मंदिर एवं सामाजिक सांस्कृतिक आयोजन के लिए हॉल का निर्माण जल्द संत कंवरराम नगर, कटोरा तालाब गली नंबर- 2 में किया जाएगा। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं सदस्यों द्वारा विधि-विधान से शुभ मुहूर्त पर पूजा पाठ, भूमिपूजन कर मंदिर के निर्माण के लिए नींव रखी गई। पंचायत उपाध्यक्ष गौरव मंधानी ने बताया कि भूमिपूजन के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, राजकुमार वाडिया, गोपाल दास चावला, मनोहर चंदनानी, राजकुमार पंजवानी, महेश लहरवानी, बबला होतवानी, अमर चंदनानी, राजू वासवानी, रितेश जसवानी, विकास रूपरेला, अनिल लाहोरी, दौलत सिहानी, शकुंतला लखवानी, अरुण पंजाबी, अजय वलेचा, शंकर असुदानी, कमल जयसिंघानी, मनीष पंजवानी, रतन वर्ल्याणी, प्रेमप्रकाश, जस्सू, मनीष आहूजा, जीवत तोलवानी आदि उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम की होगी महाआरती, तैयारी को लेकर हुई बैठक



रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शनिवार को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में 19 मई की संध्या दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन संध्या, विप्रजनों का सम्मान, भोजन प्रसादी की तैयारी के विषय में चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समाज प्रमुखों ने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को भव्य रुप देने का सुझाव दिया। बैठक में अरविंद ओझा, नितिन कुमार झा, सुरेश मिश्रा, गुणनिधि मिश्रा, सुनील कुमार ओझा, अजय अवस्थी, यशवंत पुरोहित, अमृतलाल बिलथरे, अभिषेक त्रिपाठी, सतीश शर्मा, रवि शर्मा, उमेश शर्मा, नीरज पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी का मनाया स्थापना दिवस



रायपुर। जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में शनिवार को भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान श्रीयंत्र पूजन-अर्चन और विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को परम पूज्य 1008 यतिप्रवर दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के दर्शन प्राप्त हुए।

### गांवों के वैद्यों का ज्ञान बैगा-गुनिया की विरासत बनेगी प्रदेश की शक्ति

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, किसानों के लिए औषधि पौधों का प्लांटेशन करना, इसको बेचना बहुत ही फायदेमंद होगा। आज किसान धान की खेती करते हैं। एक एकड़ में धान से आय प्राप्त होती है, औषधि पौधे जब खेतों में लगाएंगे तो एक एकड़ में धान से कई गुना आय प्राप्त होगी। श्री साय शनिवार को छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वस्थ परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड का गठन हमारी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया है।

# एसीआई के कैथलैब में पहली बार लेजर कट एंजियोप्लास्टी, देशभर के कार्डियोलॉजिस्ट बने गवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में 70 साल के मरीज के हृदय की नस में जमे कैल्शियम को काटकर एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया पूरी की गई है। पहली बार कैथलैब में लेजर कट एंजियोप्लास्टी की गई, जिसके लाइव डेमोंस्ट्रेशन से विभिन्न राज्यों के कार्डियोलॉजिस्ट इस प्रक्रिया के गवाह बने। मरीज के हृदय की नस में जमे कैल्शियम को देखते हुए निजी अस्पताल ने एंजियोप्लास्टी करने से इनकार कर दिया था।

कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. प्रतीक गुप्ता सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

## निजी अस्पताल से निराश होकर आया वृद्ध मरीज, दिल की नस में जमा था कैल्शियम

### ऐसे पूरी हुई प्रक्रिया

मरीज के दाहिने हाथ की धमनी के रास्ते दिल की नस तक कैथेटर को ले जाया गया। अत्यधिक वजनी और कठोर तारों से नस की रुकावट को पार किया गया एवं एक्साइमर लेजर का इस्तेमाल करते हुए जमे हुए कैल्शियम को तोड़कर बैलून के गुजरने का रास्ता बनाया गया। इसके बाद कोरोनरी इंट्रा वैस्कुलर अल्ट्रा सोनोग्राफी से हृदय की नस के अंदर की सोनोग्राफी कर बचे हुए कैल्शियम को चाकूनुमा विशेष कटिंग बैलून का इस्तेमाल कर काटा गया। कैल्शियम के पूरी तरह टूट जाने के बाद स्टंट जाने का रास्ता बनाया गया और दो स्टंट लगाकर एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया पूरी की गई।



### राष्ट्रीय स्तर का कांफ्रेंस

डॉ. स्मित ने बताया कि जबलपुर में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर का कांफ्रेंस आयोजित हुई है। उनके आग्रह पर हमने इस केस का जीवंत प्रदर्शन कर कार्यशाला को सफल बनाने में अपना योगदान दिया, जिसकी देशभर में सराहना हुई। इस दौरान देशभर के कार्डियोलॉजिस्ट ने इस प्रक्रिया को लाइव देखा तथा प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

उपचार के लिए मरीज को मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना का लाभ मिला।

डा. श्रीवास्तव ने बताया कि एक्साइमर लेजर कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कट एक विशेष प्रकार की एंजियोप्लास्टी है, जिसमें लेजर का उपयोग करके कोरोनरी धमनियों में जमी हुई रुकावटों को हटाया जाता है। यह उन मामलों में प्रयोग किया जाता है, जहां पारंपरिक बैलून एंजियोप्लास्टी या स्टेंटिंग पर्याप्त नहीं होती। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय व्यक्ति के राइट कोरोनरी आर्टरी में ब्लॉकेज था। उसके आर्टरी में इतना ज्यादा कैल्शियम जमा था कि एंजियोप्लास्टी करने वाला वायर क्रॉस नहीं हो सकता था। साथ ही राइट कोरोनरी आर्टरी की उत्पति अपने मूल स्थान से न होकर ऊंचाई पर थी, जो केस की दूसरी जटिलता थी।

# कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया का दिल्ली के मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ भारत मंडपम में व्यापारिक नेताओं का राष्ट्रीय सम्मेलन

नई दिल्ली के भारत मंडपम में व्यापारिक नेताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया को उनके अद्वितीय व्यापारिक योगदान और समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों से 150 से अधिक व्यापारिक नेता शामिल हुए। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि दिल्ली में हुये राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्री भरतिया को एक सेवाभावी और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कैट ने देश के व्यापारियों की समस्याओं को मुखरता से उठाया है। साथ ही समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि श्री भरतिया का कार्य व्यापारिक समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत है। देशभर से आए सैकड़ों प्रमुख व्यापारिक नेताओं की उपस्थिति में यह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। अमर पारवानी ने कहा श्री भरतिया को मिले इस सम्मान से पूरे व्यापारी समाज में गौरव और उत्साह का वातावरण बना है। कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया को सम्मानित किए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## कीमत लगातार बढ़ने की संभावना

# लोकल फसल की आवक बंद चिल्हर में टमाटर 20 से 30 रुपए

## पिछले साल 100 रुपए किलो तक हो गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के टमाटर की फसल की आवक बंद हो गई है। ऐसे में अब इसकी कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। थोक में इस समय कीमत 15 रुपए और चिल्हर में 20 से 30 रुपए किलो हो गई है। कुछ कम क्लालिटी का टमाटर 20 रुपए किलो तक मिल रहा है। अब बाहर से टमाटर आने के कारण कीमत और बढ़ेगी और फिर से दाम आसमान पर जाएंगे।

प्रदेश में टमाटर की फसल दीपावली के बाद आती है जो अप्रैल के अंत तक चलती है। बीते साल लोकल फसल के आने के पहले टमाटर के दाम सौ रुपए से ज्यादा पहुंच गए थे। इसके बाद जब लोकल फसल आई तो टमाटर के दाम कम होने लगे। लेकिन प्रारंभ में लोकल फसल के दाम भी ज्यादा रहे और कीमत 50 से 60 रुपए रही क्योंकि लोकल फसल भी दूसरे राज्यों में जा रही थी, लेकिन जैसे-जैसे आवक में इजाफा हुआ तो कीमत कम होती चली गई।



### पांच रुपए किलो में बिका

नए साल में टमाटर के दाम ऐसे जमीन पर आए कि मंडियों में किसानों को कीमत ही नहीं मिल रही थी, मंडी में एक से दो रुपए किलो टमाटर के दाम होने के कारण किसानों ने टमाटर बेचने ही बंद कर दिए। चिल्हर में टमाटर 5 रुपए किलो तक बिके। अच्छी क्वालिटी का टमाटर चिल्हर में दस रुपए का डेढ़ किलो तक बिका।

### गर्मी में बढ़ते हैं दाम

टमाटर के दाम अब वापस आसमान की तरफ जाने का क्रम प्रारंभ हो गया है। अब लोकल फसल का आना लगभग बंद हो गया है। इसके कारण इसके दाम ज्यादा होते जा रहा है। अच्छी क्वालिटी का टमाटर थोक में 15 रुपए तक बिक रहा है। थोड़ी कम क्वालिटी वाला टमाटर 10 से 12 रुपए में बिक रहा है। यह टमाटर चिल्हर में 20 रुपए में मिल जा रहा है, लेकिन अच्छी क्वालिटी वाला टमाटर 30 रुपए में बिक रहा है, दो किलो लेने पर जरूर 25 रुपए के हिसाब से 50 रुपए लग रहे हैं। इस माह से फिर से दाम रुलाने वाले होने लगेंगे।

# सिविल लाइंस के सभागार में कार्टून प्रदर्शनी कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व कार्टूनिस्ट दिवस पर देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच ने अखिल भारतीय स्तर पर कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन किया है। संस्कृति विभाग और छग पर्यटन मंडल के सहयोग से होने वाले इस आयोजन में देशभर के कार्टूनिस्टों ने भाग लिया। इस वर्ष का विषय- आतंकवाद से नहीं डरेगा पर्यटक रखा गया था। कार्टून वॉच के संपादक त्रयंबक शर्मा ने बताया कि इतना जटिल विषय होने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से रोचक और प्रेरक कार्टून प्राप्त हुए हैं। इन कार्टूनों की प्रदर्शनी 5 मई को रायपुर इंडियन कॉफी हाउस सिविल लाइंस के सभागार में शाम 5 बजे से लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी दो दिनों तक चलेगी। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में शामिल होने पुणे से कार्टूनिस्ट राजेश नाईक विशेष तौर पर रायपुर आ रहे हैं। इस दिन संगोष्ठी भी आयोजित होगी, जिसका विषय है- क्या ड्राइंग आर्ट कही जाने वाली कला सचमुच समाप्त हो जाएगी। 6 मई को कैरीकेचर बनाने की कार्यशाला होगी। उन्होंने बताया कि पुणे से आए कार्टूनिस्ट राजेश नाईक संध्या 4 से 6 तक कैरीकेचर बनाने की कला पर कार्यशाला करेंगे। इस कार्यशाला के लिए गूगल रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा और इसमें 15 वर्ष की आयु से कम बच्चे भाग नहीं ले सकेंगे।



### कार्टून प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता को काफी अच्छा प्रतिसाद मिला और इसके परिणाम इस प्रकार रहे, दस हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार कर्नाटक के उदय विट्ठल और बेंगलुरु के बिबेक सेनगुप्ता के मध्य बांटा गया, वहीं सात हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार पुणे के कपिल घोलाप और हैदराबाद के वल्लूरी कृष्णा के बीच बांटा गया और पांच हजार रुपए का तृतीय पुरस्कार भुवनेश्वर के देबाशीष और केरल के मनोज के मध्य बांटा गया। 20 विशेष पुरस्कार भी दिए गए।

# ढाबा में चल रहा था शराब का अवैध कारोबार, बल्क में जब्त, संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ ढाबा से 56 देशी मसाला, 104 गोवा व्हिस्की कुल 28.80 लीटर शराब जब्त की

राजधानी रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपैरी स्थित आरके ढाबा में शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार रात को इस ढाबा में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान ढाबा से मध्यप्रदेश राज्य की बल्क में शराब जब्त किया है। इस कार्रवाई में ढाबा संचालक को भी गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आबकारी विभाग रायपुर के उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि 2 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छछानपैरी स्थित आरके ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में टीम ने ढाबा में छापा मारा। इस दौरान ढाबा से 56 देशी मसाला, 104 गोवा व्हिस्की कुल 28.80 लीटर शराब जब्त की। जब्त शराब मध्यप्रदेश की है। विभाग ने शराब जब्ती करने के साथ ढाबा के संचालक रोशन बघेल निवासी छछानपैरी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक सुनीता गर्ग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मामूली गाली-गलौज, विवाद पर हत्या दो नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

■ धान फड़ में शराब पीने से मना किया तो बदमाशों ने चौकीदार से गाली-गलौज कर की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/तिल्दा-नेवरा

तिल्दा थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व मंगलवार को एक निर्माणाधीन गोदाम के चौकीदार की अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना दिनांक को बदमाश धान फड़ में बैठकर शराब पी रहे थे। चौकीदार ने लड़कों को फड़ में शराब पीने से मना किया। इस बात से नाराज होकर बदमाशों ने चौकीदार के साथ गाली-गलौज की। गाली-गलौज का विरोध करने पर बदमाशों ने चौकीदार की हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने उसके चेहरे पर सीमेंट पोल से वार कर विकृत कर दिया। विधानसभा सीएसपी विरेंद्र चतुर्वेदी के अनुसार गौरेला-पेंड्रारोड निवासी गोविंदा पाण्डेय (24) की हत्या के आरोप में चंद्रकामता भारती उर्फ कामता, बिमलेश यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस को घटना के दूसरे दिन कान्हा राइस मिल के पीछे शुक्ला भाठा के पास एक अज्ञात युवक की लाश मिलने की सूचना मिली। शिनाख्त करने पर लाश पास के निर्माणाधीन गोदाम के चौकीदार गोविंदा के रूप में हुई। बदमाशों की पतासाजी करने पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की, तो दो नाबालिग घटनास्थल के आसपास संदिग्ध रूप में मंडराते दिखे। इसके बाद पुलिस ने दोनों नाबालिग से पूछताछ की, तो उन लोगों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या करने का अपराध कबूल किया।

# नाला सफाई के लिए प्रत्येक जोन को 25-25 प्लेसमेंट सफाई कर्मचारी

## दस जोन के लिए 250 कर्मचारी रखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ किराये के पोकलेन मशीन से होगी नाला सफाई, 30 लाख रुपये होंगे खर्च

बारिश पूर्व शहर के बड़े नाला-नालियों की सफाई कार्य के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग 250 सफाई कर्मचारी उपलब्ध करायेगा। दस जोन में नाला सफाई कार्य के लिए अलग से 10 जोन गैंग बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक जोन गैंग के लिए 25 सफाई कर्मचारी दिये जायेंगे, जो कि अनुबंध के आधार पर नगर निगम को अनुबंधित सफाई ठेकेदार उपलब्ध करायेगा। वहीं नालों की मशीन से सफाई कराने नगर निगम किराये पर पोकलेन मशीन से शहर के बड़े नालों की सफाई करायेगा। बड़ी पोकलेन मशीन और प्लास्टिक कचरा उठाने जटायु खरीदने की योजना फिलहाल टल गयी है।

शहर के बड़े नाले-नालियों की सफाई के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त सफाई संसाधन नहीं हैं। इसके कारण हर साल सफाई विभाग को बारिश के सीजन में किराये की पोकलेन मशीन से नाला सफाई कराने की नौबत आती है। दस जोन में 10 बड़ी पोकलेन मशीन और 5 छोटी मशीनों की जरूरत है। इसके लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने बाकायदा प्रस्ताव बनाकर भेजा, ताकि सफाई संसाधन पर्याप्त होने से समय रहते नाले-नालियों की सफाई कराई जा सके। वर्तमान में निगम के पास केवल 2 बड़ी पोकलेन मशीन नाला सफाई के लिए उपलब्ध है, जो कि शहर के विस्तार और जरूरत के हिसाब से बहुत कम है।




### किराये से पोकलेन से कराएंगे नाला सफाई

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही का कहना है, 8 बड़ी पोकलेन मशीन खरीदने के स्थान पर किराये से पोकलेन मशीन लेकर शहर के नालों की सफाई करायेंगे। इसके लिए 30 लाख रुपये दस जोन के नाला सफाई कार्य के लिए रखे गये हैं। नई पोकलेन नहीं खरीद रहे, प्लास्टिक कचरा उठाने निगम के पासएक जटायु मशीन उपलब्ध है, 9 अतिरिक्त मशीन खरीदने का प्रस्ताव दिया था, पर अभी मंजूरी नहीं मिली है।

# मूणत ने कोटा में किया शासकीय नवीन महाविद्यालय का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई सौगात मिली है। कोटा में शासकीय नवीन महाविद्यालय की स्थापना के लिए शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। शीतला तालाब स्थित बड़ा सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत शामिल हुये। श्री मूणत ने इस मौके पर कहा कि कोटा ही नहीं, पूरे रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल निकासी और युवाओं के लिए कौशल विकास के क्षेत्रों में व्यापक बदलाव लाया जा रहा है। हम प्रयास करेंगे कि महाविद्यालय की बिल्डिंग एक वर्ष के अंदर बनकर तैयार हो जाये। नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के कोटा में युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए शासकीय नवीन महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी। शिलान्यास समारोह शनिवार को हुआ। इस मौके पर राजेश मूणत ने कहा, भाजपा की अब डबल नहीं ट्रिपल इंजन की सरकार केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय जनता की आकांक्षाओं को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नवीन महाविद्यालय न केवल कोटा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी मजबूती देगा। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी छात्र संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाये। कार्यक्रम में उपस्थित महापौर मीनल चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भावी पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, इसके लिए यह महाविद्यालय एक महत्वपूर्ण कदम है। शहर का हर कोना, हर बच्चा शिक्षा से जुड़ सके, यही हमारी प्राथमिकता है। नगर निगम की ओर से हम हर आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने इस मौके पर कहा, कोटा में इस महाविद्यालय का आरंभ होना न केवल शैक्षणिक विकास का संकेत है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और अवसरों की समानता का प्रतीक भी है। यह निर्णय स्थानीय युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा। कार्यक्रम में राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू, विद्युत एवं अभियांत्रिकी विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पांडे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, रामकृष्ण परमंहस वार्ड आदि उपस्थित रहे।



# आठ मई को बिलासपुर में होगी कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली



रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत 8 मई को बिलासपुर से होगी। उसके बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी।

बिलासपुर में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और एआईसीसी सह-सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों, विधायकों की बैठक ली। बिलासपुर संभाग की रैली के लिए पूर्व मंत्री उमेश पटेल को कांग्रेस का संयोजक बनाया गया है।बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा।

## खबर संक्षेप



### परीक्षा प्रणाली में बदलाव की मांग लेकर छात्रों ने घेरा विवि

**रायपुर।** छात्रों की शैक्षणिक समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं की उपेक्षा के विरोध में एनएसयूआई ने शनिवार को मैट्स कॉलेज का घेराव किया। छात्रों ने परीक्षा माध्यम अनुरूप प्रश्नपत्र प्रदान किए जाने से लेकर अन्य मांगें भी रखी। छात्रों का कहना है कि वे जिस भाषा (माध्यम) में उत्तर लिखते हैं, उन्हें उसी भाषा में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाए। विशेष रूप से हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी भाषा में प्रश्न पत्र प्रदान करना अनुचित है। छात्रों के लिए वातानुकूलित कक्षाओं, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त प्रकाश और स्थायी वाई-फाई जैसी बुनियादी सुविधाएं भी निर्बाध रूप से उपलब्ध करानी मांग की गई।

### प्रीतम ठाकुर ने जोन 8 के अध्यक्ष का पदभार संभाला



**रायपुर।** महोबा बाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में प्रीतम सिंह ठाकुर ने शनिवार को जोन अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। इस मौके पर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित एमआईसी सदस्यों, वार्ड पार्षदों ने प्रीतम सिंह ठाकुर को उनके कक्ष में पहुंचकर जोन अध्यक्ष का पदभार संभालने पर बुके देकर स्वागत किया।

### रंजय सचिव, सुधीर बने भोजपुरी युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष



**रायपुर।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन रायपुर इकाई के युवा मोर्चा में नई जिम्मेदारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर रंजय कुमार सिंह को सचिव और भोजपुरी समाज के सुधीर राय को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मुक्तिनाथ पांडेय ने दोनों पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज के हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से औरंगाबाद, बिहार के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। साथ ही रायपुर से संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित भोजपुरी समाज के अनेक पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### शराब दुकान के सेल्समैन की बाइक व मोबाइल चोरी

**महासमुंद।** झलप शराब दुकान के सेल्समैन की बाइक व मोबाइल चोरी के मामले में पटेवा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को उमेश मन्नाडे निवासी ग्राम पचरी ने बताया कि वह झलप शराब दुकान में सेल्समैन है और 2 मई की रात करीबन 11 बजे वह अपनी मोटर सायकल सीजी 06 जीटी 7442 को अपने घर के बाहर हैंडल लाक करके रखा था, मोटर सायकल के वायजर में उसका मोबाइल भी था।

## निधन

### सुकलाल साहू

खरोरा।ग्राम चकवे निवासी व पूर्व सरपंच सुकलाल साहू 85 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण सहित बड़ी संख्या लोग शामिल हुए। वह महेत्तर साहू के बड़ा भाई, भुखन साहू, रामलाल के पिता और सेतराम, सेत बाई साहू के बड़े पिता थे।



# स्वास्थ्य केंद्र का राष्ट्रीय स्तर की मानक टीम ने किया मूल्यांकन और भेजी रिपोर्ट

## स्वास्थ्य सेवाओं में दी जाने वाली गुणवत्ताओं का मूल्यांकन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

यहां के स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का राष्ट्रीय स्तर के मानक का मूल्यांकन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने लगातार पिछले कुछ महीने से जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुरूप प्रशिक्षण आयोजित कर तैयारी कराएं हैं। जिला सलाहकार कृष्णपुरी गोस्वामी के निगरानी में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का उन्नयन का कार्य चल रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर का कार्य पूर्ण होने पर मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया। मूल्यांकन द्वारा हर्बल गार्डन, बीएमडब्ल्यू, फायर सेफ्टी, स्टोर रूम, जननी सुरक्षा योजना, मरीजों की परिवहन, मरीजों को दिए जाने वाली पोषण आहार, पेयजल स्त्रोत, आईडीपी में भर्ती मरीजों के लिए बेड एवं बेडशीट, उनकी स्वच्छता, अलग–अलग देशों के लिए अलग–अलग रंगों की बेडशीट प्रयोगशाला में की जाने वाली विभिन्न प्रकार की जांच एवं प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में टीवी, कुष्ठ, नेत्र, मलेरिया, फाइलेरिया, दांत, कान, नाक, गला इत्यादि कार्यक्रमों से संबंधित प्रश्नों के साथ–साथ उनके रिकॉर्ड का भी अवलोकन कर मूल्यांकन टीम द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके कुछ दिन पश्चात परिणाम घोषित होंगे।




### अस्पताल के सभी कक्ष का बारी-बारी से किया मूल्यांकन

स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नामित राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ. मोहम्मद मसदुल हसन उस्मानी लखनऊ उत्तर प्रदेश डॉ. जाकिया सैयाद द्वारा 25 और 26 अप्रैल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर का भ्रमण किया गया। ओपीडी, आईडीपी, प्रसव कक्ष लैबोरेट्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा सामान्य प्रशासन जैसे अहम शाखाओं का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के दौरान इन शाखाओं से संबंधित रजिस्टर्ड एवं रिकॉर्ड की जांच की गई एवं कार्यक्रमों से संबंधित शाखा के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ भर्ती मरीजों का इंटरव्यू लेकर भी स्वास्थ्य सेवाओं में दी जाने वाली गुणवत्ताओं का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन कराने में डॉ. सुरेश खुंटे बीएमओ, नंदलाल इजारदार डीबीएम, जिला लेखा प्रबंधक मनोज साहू सहित जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यरत विभिन्न शाखा जैसे चिरायु, कुष्ठ, टीवी, एड्स, नेत्र, एन आरसी, स्टोर इत्यादि शाखा से अधिकारियों कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## सामूहिक विवाह

### मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

# सामूहिक विवाह समाज के हित महत्वपूर्ण कदम : इंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

आज बढ़ती महंगाई की मार ने प्रत्येक परिवार की परेशानी बढ़ा दी है। इस स्थिति में अब सामूहिक विवाह की ओर लोगों का बढ़ता झुकाव को देखते हुए सभी समाज को आगे आने की जरूरत है, जो सामूहिक विवाह समाज सुधार में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने सिंगारपुर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल होते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विधायक इंद्र साव ने कहा कि, आज की बढ़ती महंगाई को देख इस योजना का लाभ प्रत्येक समाज को उठाने की आवश्यकता है, जिसके लिए समाज प्रमुखों को सामने आने की जरूरत है। विवाह एक ऐसा बंधन है जिसमें प्रत्येक माता-पिता अपनी हैसियत के अनुसार अपने बच्चों को इस बंधन में बांधकर अपना फर्ज और दायित्व पूरा करते हैं। वहीं अब इस दिखावटी दुनिया के विकराल स्वरूप ने विवाह को इतना खर्चीला बना दिया है, जिससे माता-पिता के सामने आर्थिक संकट आड़े आ जाता है। ऐसे दिखावे की दुनिया से हमें हटकर सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, जिससे प्रत्येक माता-पिता आर्थिक बोझ से बचकर अपने बच्चों को विवाह हंसते हुए बिना किसी ऋण के कर सके।



### 14 जोड़ों को दी गई राशि व सामग्री

इसके पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक इंद्र साव ने ग्राम सिंगारपुर में नव दाम्पत्य में प्रवेश करने वाले 14 जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा उन्हें भेंट देते हुए नव दाम्पत्य जीवन प्रवेश पर बधाई दी। विदित हो कि इस योजना में शामिल जोड़ों को शासन की ओर से नकद राशि सहित अन्य सामग्री प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुन्दर साहू, मीना वर्मा, मावली मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी संजय अग्रवाल, दीनदयाल साहू, हरिनारायण दुबे, प्रदीप अग्रवाल, पन्नालाल साहू, किशोर गुप्ता, सरोज अग्रवाल, रवि वैष्णव, महिला बाल विकास अधिकारी बीना राय, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, नितीश साहू, सत्यजीत शेंडे, जीत साव सहित विवाह में शामिल होने आए घराती-बराती तथा ग्राम सिंगारपुर के प्रबुद्ध नागरिकगण उपस्थित थे।

# मुखर्जी वार्ड में राशन दुकान एवं आंबा केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका परिषद अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में नवीन राशन दुकान एवं आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर पालिका सभापति दीपा साहू, पार्षद गेन्दू साहू, देवेंद्र साहू, दशरथ साहू, तरेंगा सोसाइटी अध्यक्ष सतीश सोनी, सिया साहू, रज्जु साहू, सुशील वर्मा एवं उमाशंकर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह दोनों सुविधाएं वार्डवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण कदम हैं। नवीन राशन दुकान से जरूरतमंद परिवारों को अब सुलभ व समय पर खाद्यान्न उपलब्ध होगा। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र माताओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और पूर्व–प्राथमिक शिक्षा का सशक्त माध्यम बनेगा। शर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद आमजन की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निरंतर प्रयासरत है। यह पहल स्थानीय नागरिकों के सहयोग व जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से संभव हो पाई है। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन सुविधाओं से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा और जीवन स्तर में सुधार होगा।

■ जरूरतमंद परिवारों को अब सुलभ व समय पर खाद्यान्न उपलब्ध होगा

# सुशासन तिहार : ब्लॉक में 5 से 31 तक समाधान शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इसमें प्राप्त समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लोक समाधान शिविर का आयोजन 5 से 31 मई तक किया गया है। इसके तहत जनपद पंचायत सिमगा में 10 स्थानों को चिन्हांकित करते हुए शिविर स्थल बनाया गया है, जहां आसपास के ग्रामों को शामिल किया गया है, यहां आवेदकों की समस्याओं का नोडल अधिकारी द्वारा त्वरित निराकरण किया जाएगा।

इसमें 5 मई को ग्राम पंचायत केसली में नोडल अधिकारी कन्हैया लाल देवांगन नोडल अधिकारी को ग्राम भैंसा, धोधा, हथबंद, केसली, खिलोरा, नेवधा, संकरी, सीतापार, उड़ेला, करेली, पौंसरी। 7 मई को मिडिल स्कूल बनसांकरा में नोडल अधिकारी दयानंद कोसले को बनसांकरा, चक्रवाय, चंदेरी, चौरेंगा, दामाखेड़ा, किरवई, तुलसी, तोरा, धोबनी। 9 मई को शासकीय हाई स्कूल कोलिहा में दीपक कुमार नायक नोडल अधिकारी को ग्राम बुचीपार, दावनबोड़, दौरेंगा, कोलिहा, मोहभट्ठा, मोटियारीडीह, रोहरा, मर्राकोना, ढ़ाबाडीह, रेंगाबोड़, कुलीपोटा।

■ आज केसली पंचायत में नोडल अधिकारी ग्राम भैंसा, धोधा, हथबंद, केसली, खिलोरा, नेवधा आदि गांवों के आवेदनों का निराकरण करेंगे

### 14 मई को हाई स्कूल दरचूरा में लगेगा शिविर

14 मई को शासकीय हाई स्कूल दरचूरा में डी एस ठाकुर नोडल अधिकारी को ग्राम अकलतरा, चंदियापथरा, दरचुरा, ढ़ेकुना, गणेशपुर, करहुल, लावर, लिमतरा, मनोहरा, संजारी नवागांव, विश्रामपुर, अड़बंधा। 16 मई को शासकीय हाई स्कूल केसदा में नोडल अधिकारी आर एस वर्मा को ग्राम औरेठी, डोंगरिया, झिरीया, कामता, केसदा, लांजा, पौंसरी, रिंगनी, बिनैका, नवागांव। 21 मई को शासकीय हाई स्कूल आमाकोनी में श्रेष्ठ संभरकर नोडल अधिकारी को ग्राम आमाकोनी, फरहदा, गोरदी, जरौद, मटिया, रानी जरौद, शिकारी केसली, सिनोधा, डिग्गी, टेकारी। 22 मई को शासकीय हाई स्कूल नवापारा में नोडल अधिकारी टिकवेंद्र जाटवार को ग्राम बासीन, भंवरगढ़, भटभेरा, बिटकुली, बुड़गहन, जांगड़ा, कुकराचुंद्रा, लोहारी, मुड़पार, नवापारा, सुहेला, बिलाईडबरी।

### दुलदुला के मिनी स्टेडियम में 23 को लगेगा शिविर

23 मई को ग्राम दुलदुला के मिनी स्टेडियम में नोडल अधिकारी संजय चंद्रवंशी को ग्राम दुलदुला, खंड़ुवा, बैकोनी, कचलोन, खैरघट, बछेरा, हरिनभट्ठा, मांढ़र, एवं मुसुवाडीह। 28 मई को पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा में देवेन्द्र नेताम नोडल अधिकारी को ग्राम बरडीह, भालेसुर, हिरमी, कुथरौद, मोहरा, नेवारी, तिल्दा बांधा, भोथाडीह, फुलवारी, एवं परसवानी। तथा 30 मई को रावन स्कूल परिसर में नोडल अधिकारी सरिता एक्का को ग्राम चण्डी झीपन खपराडीह पड़कीडीह, पेंड्री, रावन, सकलोर, अमेरी, एवं रवेली का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# क्षेत्र में बिजली कटौती और पानी की समस्या से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा/सिमगा

प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। अधिकारी और मंत्री नाम मात्र को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। किसान और मजदूर अघोषित बिजली कटौती से परेशान हो चुके हैं। यही आलम रहा तो जनता जनार्दन और किसान मजदूर सड़क की लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेगी। लगातार शहर और ग्रामीण अंचलों में बिजली कटौती होने के कारण अंधकार और पानी की समस्या से जूझ रहे किसान और जनता जनार्दन काफी परेशान है। सुशासन तिहार मनाने में मदमस्त भाजपा सरकार के मंत्री और जनप्रतिनिधि सो रहे हैं। उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं है।

■ सुशील शर्मा ने कहा – समस्याओं का समाधन जल्द नहीं होने पर कांग्रेस करेगी आंदोलन

### जन आंदोलन करेगी कांग्रेस

बिजली कटौती और पानी की समस्या के शीघ्र निराकरण करने नहीं होने पर एक बड़ा जन आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए किसान नेता पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा है कि लगातार बिजली कटौती से जनता परेशान है भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री को इस पर ध्यान देना होगा, बिजली कटौती से और पानी की समस्या से शहर और ग्रामीण अंचलों में त्रहि–त्रहि मची हुई है, बिजली दफ्तर में अधिकारी और कर्मचारी गायब रहते है, विद्युत विभाग में पर्याप्त कर्मचारी नहीं है टूटे खंबे तथा तार नहीं बना पा रहे हैं। लोगों की परेशानी से डबल इंजन की सरकार को कोई सरकार नहीं है।



### सरप्लस बिजली का दावा खोखला

प्रदेश के राजस्व मंत्री लोगों को राहत दिलाने भाटापारा क्षेत्र का दौरा करने के बजाय घर में सो रहे हैं। सरप्लस बिजली का दावा करने वाली डबल इंजन की सरकार में पानी गिरने के पहले ही दिन भर के लिए बिजली बंद कर दी जाती है। लगातार तूफान और बारिश से आम लोगों का जीवन दूभर हो गया है। एक तरफ भारी भरकम बिजली बिल से जनता परेशान है। शहर और ग्रामीण के नागरिक पिछले कई दिनों से बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं। लगातार अघोषित बिजली कटौती से कई वार्डों में पानी नहीं आ रहा है। कई जगह बोरिंग फेल है बिजली के तार टूट गए हैं। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। वहीं ढाक के तीन पात वाली कहावत को चरितार्थ करने में लगे है। क्या इसी दिन के लिए जनता ने भाजपा की सरकार बनाई थी लगातार बिजली कटौती से शहर और ग्रामीण क्षेत्रें की जनता परेशान है और जल्द ही अब जनता भाजपा नेताओं को सबक सिखाएगी।

### प्राशा नवागांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव (थूहा) में कक्षा 5 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 5वीं में ढ़ेवेश कुमार साहू पिता राजेश कुमार साहू 91.50 प्रतिशत प्रथम, प्रेरणा दावना पिता कोमल दावना 84 प्रतिशत द्वितीय, गिरवर तारक पिता विक्रम तारक 82 प्रतिशत द्वितीय रहे। समस्त छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर प्रधानपाठक हेमप्रभा साहू सहित शिक्षकगण भवानी बंजारे, दुलेश्वरी बारले, ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भैंसों को ओडिशा के कत्लखाना ले जा रहे तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ओडिशा के कत्लखाना ले जाए जा रहे 7 भैंसों को बागबाहरा पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने मामले में 3 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया 3 मई की सुबह करीबन सूचना मिली थी कि रेलवे लाइन के किनारे से कुछ लोग मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ओडिशा के कत्लखाना ले जा रहे हैं। इसके बाद ग्राम खोपली रेलवे अंडरब्रिज देखा गया कि 2 व्यक्ति मवेशियों/भैंसों को क्रूरतापूर्वक हकालते हुए तथा 2 व्यक्ति मोटर साइकिल में रास्ते की रेकी करते हुए मिले। जिन्हें घेराबंदी कर रोका गया, लेकिन एक व्यक्ति मौके से भागने में सफल हो गया। वहां मौके पर कुल 3 व्यक्तियों को 07 नग भैंसों को क्रूरतापूर्वक हकालते हुए लेकर जाते पकड़ा गया। उक्त तीनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने-अपने नाम परमानंद बांधे पिता चैतराम बांधे (50 वर्ष) पतेरापाली थाना बागबाहरा, विष्णु ध्रुव पिता रत्थु राम ध्रुव (30 वर्ष) पतेरापाली थाना बागबाहरा, मुटू सतनामी पिता दशरथ सतनामी (32 वर्ष) सरगी बहाल थाना पदमपुर जिला बरगढ़ (ओडिशा) का होना बताया गया। वहीं मौके से भाग निकले व्यक्ति का नाम राज रौतिया पिता परमानंद पतेरापाली बताया गया। आरोपियों के कब्जे से 7 नग भैंस कीमत 42000 रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। वहीं मामले में आरोपियों के खिलाफ छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, धारा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

## पेज 11 के शेष

### रेत का अवैध ...

द्वारा निर्धारित गहराई से अधिक होने पर उक्त चैन माउन्टेन मशीन बंद करवाकर खदान के मुंशी मनोज कुमार के सुपुर्द किया गया। इसी तरह मोहान घाट में अवैध रेत लोडिंग और परिवहन होते 2 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना गिधपुरी के सुपुर्दगी में दिया गया।

### जान से मारने ...

प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर, प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देकर, उसकी हत्या करने की नीयत से अश्लील गाली गलौज कर, गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया। प्रकरण में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### राजस्व लिंक कोर्ट ...

किए हैं। राजस्व प्रशासन को सु.ण करने आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा राजस्व एवं दाण्डिक प्रकरण के साथ साथ समस्त न्यायालीन प्रकरणों जो तहसील सरसीवां एवं तहसील भटगांव से संबंधित है के सुचारू रूप से संचालन हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)द्वारा तहसील कार्यालय भटगांव में प्रत्येक गुरुवार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक आदेशित किया जाता है कि लिंक कोर्ट के माध्यम से राजस्व मामलों की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु राजस्व एवं दाण्डिक प्रकरण के साथ साथ समस्त न्यायालीन प्रकरणों आयोजित की जाएगी तथा आवश्यक्तानुसार समीक्षा उपरांत संशोधित की जा सकेगी आदेश तत्काल प्रभावशील हेतु जारी किया गया है।

मालूम हो कि नगर पंचायत भटगांव में विगत 23 वर्ष से उपतहसील एवं वर्ष 2024 से तहसील कार्यालय भवन पूर्ण रूप से अस्तित्व में आया और वर्तमान में तहसील न्यायालय,उप पंजीयक कार्यालय ,व्यवहार न्यायालय ,नगर पंचायत भटगांव में संचालित है और अब तहसील भटगांव न्यायालय परिसर में अनुविभागीय अधिकारी(रा) लिंक कोर्ट के लोकार्पण स्थापनाध खुलने से आम जनता को सस्ता, शुलभ, शीघ्र न्याय मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 मई सोमवार को दोपहर 2:30 बजे आयोजित है। बैठक में नवीन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। ऐसे सदस्य जो सदस्य बनने के बाद अभी तक उनका सम्मान नहीं हो पाया है, ऐसे सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। ऐसी सदस्य जिनका जन्म तिथि इस महीने में है, उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। पेंशन कार्यालय में निर्माणाधीन प्रसाधन की जानकारी, 2026 में पेंशनर दिवस के लिए सहयोग करने वाले सदस्यों की जानकारी, एक राष्ट्र एक चुनाव पर चिंतन, पुलवामा में आतंकवादी घटना, मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा पेंशनर फोरम की गठन किया गया है। पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण संबंधी जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी कार्यालय सचिव बीआर ध्रुव ने दी है।

### सेजेस तुमगांव में प्रवेश के लिए लॉटरी 7 को

**महासमुंद।** पीएमश्री सेजेस तुमगांव में कक्षा 1 के अलावा अन्य कक्षाओं में रिक्त सीट के लिए विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों एवं पालकों के समक्ष प्रवेश के लिए 7 मई को सुबह 9 बजे लाटरी निकाली जाएगी। जानकारी के अनुसार कक्षा एक के लिए लगभग 80 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें से 48 विद्यार्थियों का प्रवेश होना है। इसी तरह अन्य कक्षाओं में रिक्त सीट के लिए भी लाटरी निकाली जाएगी। सभी पालकों से अपेक्षा की है कि वे निर्धारित तिथि एव समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य लंकेश कुरील ने दी है।

### शहर के वार्ड 11 में लगी स्ट्रीट लाइट, अंधेरे से मिली निजात

**पिथौरा।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से अधूरे पड़े स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य अब पूरा हुआ। बार चौक से लेकर शासकीय अस्पताल मार्ग तक अब स्ट्रीट लाइट की रौशनी बिखरने लगी है। नगर पंचायत द्वारा इस मार्ग पर नए खंभों में स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं, जिससे इस क्षेत्र में अब रात के समय भी सुरक्षित आवाजाही संभव हो सकेगी।पार्षद अनामिका विकास शर्मा ने बताया कि यह कार्य काफी समय से लंबित था और स्थानीय लोगों को रात में आवागमन में भारी कठिनाई होती थी। उन्होंने नगर पंचायत के सीएमओ से इस बारे में कई बार कहा गया था।

### सीसी रोड व नाली निर्माण का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने रविवार को शहर के वार्ड 25 स्थित श्रीराम कालोनी में नाली एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य के निगरानी में लगे अधिकारियों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि तय समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही न बरतने तथा जनसुविधा को ध्यान में रखकर कार्य करने की बात कही। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि सीसी रोड व नाली बनने के बाद स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी तथा गंदे पानी की निकासी के लिए व्यवस्थित साधन बनेगा।

### स्वच्छता दीदियों ने नपाध्यक्ष को बताई समस्या

महासमुंद। मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदियों ने नगर में ई-रिक्शा से जुड़ी तकनीकी और संचालन संबंधी समस्याओं से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को अवगत कराया। स्वच्छता दीदियों ने ई-रिक्शा की खराबी व मरम्मत की मांग की। जिस पर नपाध्यक्ष साहू ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल स्वच्छता दीदियों को हो रही परेशानियों का समाधान के लिए निर्देशित किया। जिससे स्वच्छता कार्यों में कोई बाधा न आए और शहर की सफाई व्यवस्था सुचारु बनी रहे। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पालिका स्वच्छता कर्मियों के हितों और शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध है।

# श्री परशुराम की जयंती पर निकाली शोभायात्रा, हुए सांस्कृति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर बलौदाबाजार में ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य शोभायात्र और सांस्.तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भगवान परशुराम को अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाने वाले दिव्य योद्धा के रूप में पूजा जाता है। उनका जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के दिन मनाया जाता है, जो हिंदू संस्.ति में सभी मांगलिक कार्यक्रम के आरंभ का प्रतीक माना जाता है। शोभायात्र की शुरुआत नगर के बजरंग चौक से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विप्र वाटिका तक पहुंची। इस यात्र में भगवान परशुराम, सप्तऋषियों और महान भारतीय वैज्ञानिकों की झांकियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्र में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और डीजे–धुमाल की धुनों पर पूरे उत्साह के साथ कदमताल किया। नगरवासियों ने शोभायात्र का स्वागत करते हुए भगवान परशुराम की पूजा–अर्चना की और ब्राह्मण समाज का अभिनंदन किया। आयोजन में महिलाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी रही। विप्र वाटिका में भगवान परशुराम की विधिवत पूजा की गई। इसके पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्.तिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे वातावरण उल्लासपूर्ण हो गया।

### विप्र वाटिका में भगवान परशुराम की विधिवत पूजा की गई



#### प्रतिभागी बच्चों को किया सम्मानित

इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित भी किया गया। समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने बताया कि यह आयोजन जिला स्तरीय स्तर पर संपन्न हुआ, जिसमें पूरे जिले से विप्र समाज के लोग सम्मिलित हुए। महिला प्रतिनिधि वंदना तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष यह पर्व भव्य रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष आंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा का समापन विप्र वाटिका में हुआ। इस आयोजन मे अशोक कुमार तिवारी डॉ निशा झा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, विहिप जिलाध्यक्ष अभिषेक (मिकी) तिवारी, संजय पांडे, मनोज दुबे, कार्तिकेय दुबे, राजा तिवारी, आर्यन शुक्ला, शिशिर त्रिवेदी, पीयूष मिश्रा, नितेश शर्मा, अरविंद मिश्रा, शशि शुक्ला, विशु मिश्रा सहित बड़ी संख्या मे विप्रजन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा दुबे ने किया।

## अभियान : त्रिस्तरीय समन्वय से पेयजल व निस्तारी समस्या से मिली निजात

# मोर गांव, मोर पानी महाभियान ग्रामीण अंचलों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए होगा वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विगत माह शुरू किये गये मोर गांव, मोर पानी महाभियान ग्रामीण इलाकों में जल संकट से निपटने की एक दूरदर्शी पहल है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रें में जल संसाधनों का संरक्षण, पुनर्भरण और सतत उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में विशेष समितियां गठित की गई हैं। इसी कड़ी में अनुविभागीय समिति सिमगा के द्वारा उत्खनन प्रभावित क्षेत्रें में जल संचयन को लेकर बेहतर कार्य किया गया है जिसमें प्रशासन, उद्योग और ग्रामीणों के त्रिस्तरीय समन्वय का आदर्श उदाहरण क्षेत्र में परिलक्षित हो रहा है। इन तीनो के प्रयास से सिमगा क्षेत्र के उत्खनन प्रभावित क्षेत्रें में पेयजल व निस्तारी की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिली है।

एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा ने बताया कि अनुविभाग सिमगा के उत्खनन प्रभावित क्षेत्रें में खनन गतिविधियों के कारण पारंपरिक जल स्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने, भू–जल स्तर में गिरावट आने, जल स्रोतों का सूखना और जल की उपलब्धता में कमी जैसी समस्याएं होने की शिकायतें ग्रामीणजन द्वारा प्रस्तुत की जाती रही है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनुविभाग स्तरीय समिति (सिमगा) के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न सीमेंट संयंत्रें एवं उनसे प्रभावित क्षेत्र में स्थल निरीक्षण किया एवं जांच रिपोर्ट समिति अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की। प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन एवं विभिन्न सीमेंट संयंत्रे द्वारा फील्ड पर जल आपूर्ति सुनिश्चित सुनिचित करने हेतु यथासंभव प्रयास किये।विभिन्न सीमेंट संयंत्रें ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सकारात्मक भूमिका निभाई।

जल–जीवन मिशन के अंतगत निर्मित पानी टंकियो को नए जल स्रोतों से जोड़ा गया ताकि टैंकर पर निर्भरता कम हो। गंगरेल बांध से जुडी नहरों में पानी छोड़कर ग्रामो में निस्तारी तालाबो को भरा गया। इन उपायों से उत्खनन प्रभावित क्षेत्र के गांवों में जल संकट की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जहाँ पहले ग्रामीणों को पानी के लिए मीलों दूर जाना पड़ता था अब उन्हें अपने ही गांव में पर्याप्त जल उपलब्ध हो रहा है। पीने के पानी के साथ–साथ निस्तारी के लिए भी जल की उपलब्धता बढ़ी है।

मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत किया गया यह प्रयास प्रशासन, उद्योग और ग्रामीणों के त्रिस्तरीय समन्वय का मिसाल है जो यह दिखाता है कि जब सभी हितधारक एकजुट होकर काम करते हैं तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है। जल संरक्षण की दिशा में यह पहल न केवल वर्तमान संकट से निपटने में मददगार है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी जल सुरक्षा की दिशा में कारगर कदम है।




#### दो किलोमीटर लम्बी कैनाल का निर्माण कार्य सी.एस.आर मद से किया


इसके साथ ही टैंकरों के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति, नए बोरवेल की खुदाई और पुराने जल स्रोतों का जीर्णोद्धार जैसे कार्य किए गए। इसके साथ ही श्री सीमेंट सयंत्र, खापराडीह द्वारा ग्राम चंडी के बांध में जाने वाले पानी की निकासी के लिए ग्रामीणों की सहमति से जल स्तर को बनाए रखने के लिए दो किलोमीटर लम्बी कैनाल का निर्माण कार्य सी.एस.आर मद से किया।ग्राम मटिया एवं शिकारी–केसली में जल आपूर्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए पंचायत के सरपंच–सचिव एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से पेयजल एवं निस्तारी हेतु जल टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

#### सकलोर एवं परसवानी को मिली पाइप-लाइन

प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ समन्वय कर उन्होंने अपने उत्खनन क्षेत्र में उपलब्ध जल संसाधनों जैसे माइन्स में जमा पानी को गांव के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया। अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, रावन द्वारा ग्राम रावन एवं पेंड्री को पाइप–लाइन के माध्यम से निस्तारी हेतु जल आपूर्ति की गई। अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी की माइंस में भरा पानी ग्राम सकलोर एवं परसवानी के निस्तारी तालाबों को पाइप–लाइन के माध्यम से प्रदान किया गया।

### सेनानी तिवारी की स्मृति में निशुल्क स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर कल

**बलौदाबाजार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जननेता स्व. पं. बंशराज तिवारी की पुण्य स्मृति में उनकी 100वीं जयंती के अवसर पर 6 मई, मंगलवार को चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल, बलौदाबाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. प्रमोद तिवारी, उनके पौत्र डॉ. नितिन तिवारी एवं डॉ. गीतिका शंकर तिवारी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिविर में उदर रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, नेत्र, दंत, शिशु, हृदय एवं सामान्य रोगों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त बवासीर, हाइड्रोसील एवं हार्निया जैसी समस्याओं के लिए निःशुल्क सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त, मूत्र, सोनोग्राफी एवं ईसीजी जैसी जाँचें भी बिल्कुल निःशुल्क की जाएंगी। डॉ. प्रमोद तिवारी ने बताया कि ष्हमारे पूज्य पिताजी पं. बंशराज तिवारी जी ने जीवन भर गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा की। उन्हीं की प्रेरणा से यह शिविर बीते 19 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। हजारों मरीजों को अब तक लाभ मिल चुका है। हम सभी नागरिकों से निवेदन करते हैं कि इस शिविर की जानकारी अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाएँ।



#### पं. बंशराज तिवारी की सेवा और संघर्ष

पं. बंशराज तिवारी का जन्म 6 मई 1925 को बलौदाबाजार में हुआ। गांधीजी की प्रेरणा से उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और आपातकाल के दौरान विरोध में जेल भी गए। वे 1977 में बलौदाबाजार से विधायक निर्वाचित हुए और क्षेत्र में सीमेंट उद्योग, जलप्रदाय योजना, सड़कों एवं पुलों का निर्माण, न्यायालय, कॉलेज, अस्पताल एवं संचार सुविधाओं जैसे अनेक विकास कार्य कराए। उनकी स्मृति को जीवित रखने के लिए मुख्य मार्ग का नाम पं. बंशराज तिवारी मुख्य मार्ग रखा गया है तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय हेतु भूमि एवं शासन को करोड़ों की भूमि विकास हेतु दान की गई है। समाजहित में किए गए उनके कार्य आज भी प्रेरणास्रोत हैं। प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि इस जनसेवक की स्मृति को स्थायी स्वरूप देने हेतु कोई उपयुक्त पहल अवश्य करे।

## विज्ञान केंद्र के समर कैंप में पीएमश्री स्कूल के छात्रों ने लिया हिस्सा





**खरोरा।** छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र में समर कैंप का रविवार को आखिरी दिन रहा। 3 दिवसीय इस कैंप विजुअलाइज मैथ्सष में बच्चों ने गणित को एक नए नजरिए से समझा। कैंप में आईआईटी भिलाई के प्रो. डॉ. महबूब आलम और रिसर्च स्कॉलर तेजिंदर, समर्थ, स्वाति ने जियोमेट्री, अलजेब्रा, एंगल, ट्रिग्नोमेट्री के बेसिक सिद्धांत एक्टिविटी द्वारा समझा गया। साथ ही अल्टीमीटर बनाना, क्यूब बनाकर अलजेब्रा के फॉर्मूला प्रूव किया गया। बच्चों ने 100 साल का कैलेंडर पढ़ना सीखा और डोडेकहेड्रल कैलेंडर बनाया। प्रतिदिन मजेदार क्विज खिलाए गए। पीएमश्री भरत देवांगन अंग्रेजी स्कूल खरोरा से कक्षा 6 से 8 के छात्र गौरव साहू, कुणाल चेलक, कवि पंसारी, मयंक नारंगे, आरुष बांधे ने इस कैंप में भाग लिया और सर्टिफिकेट प्राप्त किए। इन के साथ विज्ञान शिक्षिका सना करीम समर कैंप में उपस्थित रहीं, जिन्होंने आईआईटी भिलाई एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को कैंप में सहभागिता हेतु प्रेरित करने के लिए प्राचार्या रजनी मिंज एवं हरीश देवांगन के प्रति आभार प्रकट किया। छात्रों के लिए यह एक अनूठा अनुभव था।

## मौसम की आंख मिचोनी से मरीजों की संख्या बढ़ी

**लवन।** आज-कल मौसम हर रोज अपना रंग बदल रहा है। कभी चिलचिलाती धूप तो कभी बादल छा जाते हैं तो कभी तूफान कहर मचाता है। अजब गजब मौसम के बीच लोगों की हालत खराब हो रही है। बादल छा जाने एवं हल्की बारिश के बाद मौसम में थोड़ी राहत तो मिली है, लेकिन उमस भरी गर्मी बेचैन कर रही है। जैसे ही मौसम साफ हुआ है तेज धूप और उमस के बीच घर के अंदर एवं बाहर सुकून नहीं मिल रहा। शनिवार सुबह तेज धूप रही, दोपहर तक आसमान पर बादल छा गए और बूंदाबांदी हुई। इस बीच उमस वाली गर्मी ने आमजन को परेशान किया। यह सिलसिला बीते एक हफ्ते से चल रहा है। शनिवार की दोपहर सूरज और बादल के बीच लुका–छिपी का खेल शुरू हुआ और शाम को तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद और उमस बढ़ी। हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन उमस से राहत नहीं मिल रही। शनिवार को हुई बारिश से लोग उमस और चिपचिपाहट से परेशान दिखे। गर्मी के साथ उमस ने लोगों की मुश्किल को और बढ़ा दिया है। उमस के आगे पंखा और कूलर की हवा भी फेल हो रही है।



# स्टेम शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यशाला में छग के 132 व्याख्याताओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएमश्री योजना अंतर्गत स्टेम शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड रिसर्च पुणे महाराष्ट्र में 26 से 30 अप्रैल तक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षकों के कौशल विकास के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों में से 132 व्याख्याता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पूणे में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में आशीष गौतम पीएमश्री समन्वयक छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में सहभागिता निभाई। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा पीएमश्री योजना के अंतर्गत शिक्षकों के गणित, विज्ञान, टेक्नोलॉजी में क्षमता निर्माण के लिए आयोजित किया गया। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित हुए। कार्यशाला के माध्यम से व्याख्याता को नवीन शैक्षणिक पद्धतियों, प्रयोग और शैक्षणिक नवाचार से अवगत कराया गया। पीएमश्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिंदी माध्यम की व्याख्याता रीता रानी वर्मा इस कार्यशाला में विद्यालय का प्रतिनिधित्व की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

- वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों ने नवीन शैक्षणिक पद्धतियों, प्रयोग और शैक्षणिक नवाचार पर चर्चा की




## जायसवाल परिवार ने पूर्वजों की स्मृति में कराया आयोजन

# नगर में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर के कलेक्टर रोड स्थित निवास में ओमप्रकाश जायसवाल एवं परिवार द्वारा अपने पूर्वज पिता स्व. बंसलाल जायसवाल, माता यशोदा देवी जायसवाल तथा दादी कैलासिया देवी की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। यह धार्मिक आयोजन 3 से 11 मई तक चलेगा।

श्री व्यास गद्दी पर पं. शत्रुघ्न प्रसाद पांडे विराजमान हैं, जो श्रद्धालु को भागवत कथा श्रवण करा रहे हैं। आयोजन के विभिन्न दिवसों पर व्यास पूजन, ज्योति कलश स्थापना, वराह अवतार, शिव चरित्र, ध्रुव–प्रह्लाद चरित्र, श्रीराम व कृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, माखन चोरी लीला, कंस वध, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, भागवत चारोत्री, तुलसी वर्षा व पूर्णाहुति का धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। कथा से पूर्व स्थानीय षष्ठी देवी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर की अनेक महिलाओं ने वर्षा के बावजूद श्रद्धा के साथ कलश लेकर निवास स्थल तक पैदल यात्रा की। वहां व्यास पूजन के साथ विधिवत कथा का प्रारंभ की गई। कलश यात्रा में नगर के अनेक धर्मप्रेमी शामिल हुए और करमा नृत्य के माध्यम से श्रद्धा प्रकट की। कथावाचक ने कथा के प्रथम दिवस में राजा परीक्षित प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी के साथ भूल से भी बुरा न करें। साथ ही बताया कि भागवत कथा श्रवण से तीन पीढ़ियां तार जाती हैं। श्रद्धालुओं से आह्वान किया गया कि वे कथा श्रवण करते समय सभी चिंताओं से मुक्त होकर प्रभु भक्ति में मन लगाएं, जिससे जीवन की समस्त बाधाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी। भजनों के मधुर गायन के साथ श्रोताओं को आध्यात्मिक आनंद प्राप्त हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में ओमप्रकाश जायसवाल, गिरिजा देवी, रामेश्वर लाल-पार्वती देवी, नारायण प्रसाद-अनुसूया देवी, लखन लाल-कमला देवी, गणेश प्रसाद-मनीषा देवी, चित्तवार जायसवाल–प्रतिमा जायसवाल, आशीष–जया, आकांक्षा–अमित और अंकित जायसवाल सहित पूरे जायसवाल परिवार का विशेष योगदान रहा।





